पूर्वोत्तर रेलवे

NORTH EASTERN RAILWAY

कार्यालय
महाप्रबन्धक/सतर्कता
गोरखपुर - 273012
OFFICE OF THE
GENERAL MANAGER/VIG.
GORAKHPUR - 273012

Z/13/SS/Miss/2018 / 54555

दिनांक : 14.09.2020

प्रमुख मुख्य इंजीनियर
एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण,
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर ।

विषय : निविदाओं से संबंधित रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किये जाने हेतु (पद्धति सुधार) ।

*****

एक सतर्कता जाँच के अन्तर्गत यह पाया गया है कि निविदा निस्तारण एवं आमंत्रण के संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया। अतः इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के साथ ही निम्न बिन्दुओं को मुख्य रूप से संज्ञान में लिया जाना अपेक्षित है:-

1- कार्य से सम्बंधित सभी ड्राइंग और डिजाइन को फाइनल हो जाने के बाद ही संबंधित कार्य की निविदा आमंत्रित की जानी चाहिए।

2- निविदा में सम्मिलित मदों के दर निर्धारण हेतु LARs की औसत दर के अनुसार ही दरों का निर्धारण किया जाए।

3- समान प्रकृति के कार्य (Similar nature of work) को प्रत्येक निविदा में स्पष्ट रूप से परिभाषित और उल्लेख अवश्य किया जाना चाहिए।

4- निविदा समिति को अपनी संस्तुतियों के संबंध में पूर्ण विवरण के साथ निविदा कार्यवृत्ति (TC minutes) में रिकार्ड अवश्य करना चाहिए और उनके द्वारा इन संस्तुतियों के आधार को भी स्पष्ट रूप से अंकित अवश्य किया जाना चाहिए।

कृपया कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवश्य अवगत करायें ।

(भारत भूषण)
उपमुसताधि/इन्जी0
कृते महाप्रबंधक/सतर्कता